तापमान
अधिकतम 31.1°C
न्यूनतम 17.8°C

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

12 दिल्ली बाइपास पर बेकाबू कार ने वाहनों को मारी...



12 एमडीयू गैर-शिक्षण कर्मचारी संघ चुनाव...





हवा जहरीली, दूषित पानी और मिलावटी खाना क्या ऐसा ही रह गया अपना हरा-भरा हरियाणा?

हवा जहरीली, पानी दूषित और खाने में मिलावट। कभी हरे-भरे खेतों, शुद्ध हवा-पानी और देसी खानपान के लिए पहचान रखने वाले हरियाणा में अब बुनियादी जरूरतों की शुद्धता पर ही सवाल खड़े होने लगे हैं। रोहतक में सड़कों पर उड़ती धूल से सांस लेना मुश्किल हो रहा है, गांवों में खारा पानी और शहरों में गंदे पानी की आपूर्ति से लोग परेशान हैं। दूसरी ओर, पिछले दो दिन में 80 किलो मिलावटी मावा और 240 किलो से ज्यादा मिलावटी पनीर पकड़ा जाना खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सवाल उठाता है। ऐसे हालात में सवाल है कि क्या यही रह गया अपना हरा-भरा हरियाणा?



ग्रेप वन लागू, उखड़ी-टूटी सड़कों से उड़ती धूल घोट रही दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने पर वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का पहला चरण लागू कर दिया गया है, लेकिन रोहतक की सड़कों पर उड़ती धूल और जगह-जगह चल रहे निर्माण कार्यों को देखकर लगता है कि यहां जिम्मेदार नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को प्रदूषण की समस्या दिखाई ही नहीं दे रही। शहर में कहीं फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है तो कहीं सड़क खोदकर पाइप लाइन दबाई जा रही है। कई स्थानों पर सड़क निर्माण अधूरा पड़ा है। इन जगहों से गुजरने वाले वाहनों के साथ धूल के गुबार उड़ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है।

■ निगम के अफसरों को नहीं दिखाई दे रहा शहर में प्रदूषण



सुखपुरा चौक पर दो साल से चल रहा निर्माण

शहर के प्रमुख चौराहों में शामिल सुखपुरा चौक पर करीब दो साल से फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है। निर्माण स्थल के आसपास वाहनों की आवाजाही के दौरान धूल उड़ने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से जारी निर्माण कार्य के बीच धूल पर नियंत्रण रखना भी जरूरी है। इसके लिए निर्माण सामग्री को ढकने, नियमित पानी का छिड़काव करने और मिट्टी को सड़क पर फैलने से रोकने जैसे उपाय किए जाने चाहिए। इसके बावजूद निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण की व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

प्रेम नगर से दिल्ली रोड तक खुदी पड़ी हैं सड़कें

शहर के प्रेम नगर क्षेत्र में गलियों का निर्माण चल रहा है, जबकि दिल्ली रोड पर पाइप लाइन दबाने के लिए सड़क की खुदाई की जा रही है। इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर भी सड़कें खोदी गई हैं। निर्माण कार्य के बाद मिट्टी और मलबे को समय पर नहीं हटाया गया तो वाहनों की आवाजाही से धूल हवा में फैलती है।

बाबा मस्तनाथ मठ के बाहर हालात बदहाल

दिल्ली रोड पर बाबा मस्तनाथ मठ के बाहर सड़क निर्माण का काम लंबे समय से अधूरा पड़ा है। सड़क की स्थिति और निर्माण कार्य के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन धूल उड़ाते हैं। दिल्ली रोड शहर के प्रमुख मार्गों में शामिल है, जहां दिनभर हजारों वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में सड़क निर्माण में देरी और धूल नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से राहगीरों के साथ आसपास के लोगों की परेशानी भी बढ़ रही है।

ग्रेप-1 में पाबंदी

ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रेप वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से लागू की जाने वाली कार्ययोजना है। दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बिगड़ने पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) इसके तहत अलग-अलग स्तरों पर प्रतिबंध और नियंत्रण के उपाय लागू करता है। पहले चरण को ग्रेप-वन कहा जाता है, जो वायु गुणवत्ता सूचकांक 201 से 300 के बीच यानी खराब श्रेणी में पहुंचने पर लागू किया जाता है। ग्रेप-वन के तहत सड़कों और निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण, नियमित सफाई, पानी का छिड़काव, निर्माण सामग्री और मलबे को ढककर रखना तथा खुले में कचरा जलाने पर रोक जैसे उपायों पर जोर दिया जाता है।

24 घंटे में 120 से 182 पर पहुंचा शहर का एक्यूआई

रोहतक। धान कटाई के सीजन में पराली जलाने को वायु प्रदूषण की बड़ी वजह बताकर किसानों पर सख्ती की जा रही है, लेकिन रोहतक जिले के दो गांवों से मिले शुरुआती आंकड़े प्रदूषण की इस तस्वीर पर नए सवाल खड़े करते हैं। मदीना कोरसान में पीएम 2.5 का स्तर 14 और निंदाना में 21 दर्ज किया गया, जबकि बुधवार को रोहतक शहर का एक्यूआई 182 रहा। मंगलवार को ये 120 दर्ज किया गया था। पहली बार गांवों में सेंसर लगाकर हवा की गुणवत्ता मापने की सरकारी पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रदूषण को लेकर लगाए जाने वाले अंदाजों की जगह आंकड़ों के आधार पर चर्चा का रास्ता खुला है। सवाल यह है कि जब गांवों में प्रदूषण का स्तर इतना कम दर्ज हो रहा है, तो पराली जलाने को लेकर किसानों को ही कठघरे में खड़ा करना कितना उचित है?

अंदाजे नहीं, आंकड़ों से होगी प्रदूषण की पड़ताल

मदीना कोरसान और निंदाना में पिछले सप्ताह सेंसर लगाए गए थे। दोनों गांवों के बीच हवाई दूरी करीब चार किलोमीटर है। बुधवार को यहां पीएम 2.5 का स्तर क्रमशः 14 और 21 दर्ज हुआ। ये आंकड़े ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषण की स्थिति को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं। अब तक गांवों की हवा को लेकर चर्चाएं और अनुमान सामने आते रहे हैं, लेकिन नियमित निगरानी से वास्तविक स्थिति को आंकड़ों के आधार पर परखने का अवसर मिलेगा। हालांकि, दो गांवों के शुरुआती आंकड़ों से पूरे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषण की स्थिति तय नहीं की जा सकती। इसके लिए अन्य गांवों में भी निगरानी और लगातार मापन जरूरी है।

शहर की हवा गांवों से ज्यादा प्रदूषित

बुधवार को रोहतक शहर का एक्यूआई 182 रहा। शहर में वाहनों से निकलने वाला धुआं, सड़कों की धूल, निर्माण गतिविधियां और औद्योगिक इकाइयां प्रदूषण के संभावित स्रोत हैं। इसके मुकाबले दोनों गांवों में पीएम 2.5 का स्तर कम दर्ज हुआ। हालांकि, एक्यूआई और पीएम 2.5 अलग-अलग माप हैं, इसलिए 182 की तुलना 14 और 21 से सीधे नहीं की जा सकती।

खारे व गंदे पानी की सप्लाई से परेशानी

सांपला। गांव दतौड़ में खारे और गंदे पानी की आपूर्ति का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को शिकायत देकर जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की है। शिकायत में जलघर के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, नहर से जलघर की डिग्गी में आने वाले पानी का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। उनका आरोप है कि पानी को खेतों की सिंचाई के लिए रोके जाने के कारण गांव में आपूर्ति प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने बताया कि घरों में खारा और गंदा पानी पहुंच रहा है, जिससे पेयजल की गुणवत्ता को लेकर चिंता बनी हुई है। गांव में चार सप्लाई जोन होने के बावजूद कई-कई दिन तक पानी नहीं पहुंचने की शिकायत भी की गई है। शिकायत में जलघर के कर्मचारियों की ड्यूटी और व्यवस्था के संचालन पर भी सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अनियमित जलापूर्ति के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मोटरें जलने की समस्या का उल्लेख करते हुए व्यवस्था में सुधार की जरूरत बताई है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2016 से 2019 के बीच जलघर में तैनात कर्मचारियों के कार्यकाल में जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार हुआ था। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को दोबारा तैनात करने का सुझाव देते हुए वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा करने की मांग की है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत की जांच कर आवश्यक कदम उठाने, जलघर की व्यवस्था दुरुस्त करने और गांव में स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

अब सांपला में 240 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

त्योहारी सीजन में लोगों की थाली तक पहुंचने वाले खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिले के सांपला कस्बे में विभाग की टीम की छापेमारी के दौरान करीब 240 किलो संदिग्ध पनीर पकड़ा गया। यह पनीर मेवात से एक ईको गाड़ी में भरकर लाया गया था। कार्रवाई की खबर फैलते ही कस्बे में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर मौके से निकल गए। टीम ने संदिग्ध पनीर के नमूने लेने के बाद जेसीबी की मदद से गड्ढा खुदवाया और पूरे पनीर को उसमें दबवा दिया। विभाग की इस कार्रवाई से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

दूसरे दिन भी जारी रही छापेमारी

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सांपला में लगातार दूसरे दिन कार्रवाई करते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। टीम ने दो दुकानों और मेवात से पनीर लेकर पहुंची ईको गाड़ी की जांच की। इस दौरान पनीर के कुल तीन नमूने लिए गए। विभाग की ओर से इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही पनीर की गुणवत्ता और उसमें किसी प्रकार की मिलावट होने की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। इसी उद्देश्य से बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है।

भनक लगते ही दुकानें बंद कर भागे दुकानदार

सांपला में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के पहुंचने और जांच शुरू करने की सूचना मिलते ही कई दुकानदारों में हलचल दिखाई दी। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर वहां से चले गए। इससे कस्बे के बाजार में भी चर्चा शुरू हो गई। विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच पर ध्यान केंद्रित किया और पनीर के नमूने एकत्रित किए। अधिकारियों का कहना है कि खाद्य पदार्थों के कारोबार से जुड़े सभी लोगों को निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन करना चाहिए। जांच के दौरान किसी भी खाद्य पदार्थ में मिलावट या नियमों का उल्लंघन सामने आने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दो दुकानों और गाड़ी से लिए पनीर के नमूने

खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई के दौरान रोहतक के डेजिग्नेटेड ऑफिसर डॉ. योगेश कादयान, खाद्य सुरक्षा अधिकारी लक्ष्मी नरवाल और झज्जर के खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजेश वर्मा मौजूद रहे। टीम ने मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच की और पनीर के तीन नमूने लिए। इन नमूनों को प्रयोगशाला में भेजकर उनकी गुणवत्ता की जांच करवाई जाएगी। रिपोर्ट में यदि मिलावट या निर्धारित मानकों का उल्लंघन सामने आता है तो संबंधित दुकानदारों अथवा जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

डॉ. योगेश कादयान ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करना गंभीर मामला है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विभाग की ओर से मिलावटी खाद्य पदार्थ तैयार करने और बेचने वालों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सांपला में पकड़े गए संदिग्ध पनीर के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

एक दिन पहले पकड़ा था 80 किलो मिलावटी मावा

एक दिन पहले ही फूड सेफ्टी टीम ने कच्चा बेरी रोड से खोया नष्ट करवाया था। डॉ. लक्ष्मी ने बताया कि जांच के दौरान एक दुकान से करीब 80 किलो खोया खराब हालत में मिला था। जिसके सैंपल लेकर लैब में भेजे गए। साथ ही खोया को गड्ढा खोदकर नष्ट करवाया गया। अन्य दुकानों पर भी सैंपल भरे जाएंगे। साथ ही जहां भी नकली पनीर व खोया मिला तो उसे नष्ट करवाया जाएगा।

मेवात से ईको गाड़ी में लाया गया था पनीर

विभाग की टीम ने 240 किलो पनीर तो नष्ट करवा दिया, लेकिन इस त्योहारी सीजन में इससे कहीं ज्यादा पनीर तो शहरवासी निगल चुके हैं। चूंकि शहर में मिलने वाले, पनीर-कुलचे, पनीर-भटूरे, पनीर-पिज्जा आदि खाद्य पदार्थों में भी यही पनीर परोसा जा रहा है।



शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का झांसा देकर ₹1.75 लाख ठगे

हर हफ्ते 20 से 30 प्रतिशत मुनाफे का दिया था लालच फर्जी वेबसाइट पर दिखाते थे कमाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शेयर मार्केट में निवेश कर कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का लालच दे कर ठगों ने एक युवक से 1.75 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करवा लिए। ठगों ने विश्वास जीतने के लिए फर्जी वेबसाइट पर युवक का खाता बनाया और उसमें मुनाफा दिखाकर उसे निवेश के लिए प्रेरित करते रहे। मामले में साइबर थाना टीम ने गिरोह में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक रिटौली निवासी नवीन ने 26 जुलाई 2026 को शिकायत दी थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि नवीन के पास एक अज्ञात व्हाट्सएप नंबर से संदेश आया था।

पांच आरोपी गिरफ्तार

जांच अधिकारी एचसी सुमित ने बताया कि पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान आदित्य पुत्र पोपी, नीरज पुत्र रामकुमार, शिवम पुत्र मंजीत, अजय पुत्र शिवानंद और दीपक पुत्र संतोष के रूप में हुई है। सभी आरोपी यूपी के बताए गए हैं।

इसमें शेयर मार्केट में रुपये निवेश करने पर अधिक मुनाफा कमाने का दावा किया गया। सिमरन नाम की महिला ने नवीन को बताया कि उनकी कंपनी शेयर मार्केट में निवेश करने पर हर सप्ताह 20 से 30 प्रतिशत तक मुनाफा देती है। इस लालच में आकर नवीन ने बताए गए खाते में कुल 1 लाख 75 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

शहर की सरकार आज लगाएगी करोड़ों के विकास कार्यों पर मुहर

हाउस मीटिंग से पहले डीसी ने पार्षदों को किया संतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, सीवर व्यवस्था व जल निकासी के प्रबंधों की समीक्षा के लिए हुई समन्वय बैठक
- डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश-निगम पार्षदों की आवश्यकता अनुसार करवाएं विकास कार्य
- निगम आयुक्त बोले- अधिकारी सड़कों पर असमतल मैनहोल एक महीने में करवाएं समतल
- पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि पार्षदों की मांग के अनुरूप उपलब्ध करवाई जाएं जन सुविधाएं
- मेयर राम अवतार वाल्मीकि बोले- अधिकारी पार्षदों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाएं

नगर निगम द्वारा बृहस्पतिवार को हाउस की बैठक की जाएगी। विकास भवन में होने वाले बैठक में नगर निगम के आयुक्त सत्येंद्र दूहन, मेयर रामअवतार वाल्मीकि और 22 वार्डों के पार्षद एकमत से करोड़ों के प्रस्ताव को मंजूरी देंगे। इससे पहले बुधवार को डीसी सतबीर सिंह, निगम आयुक्त सतेंद्र दूहन, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर तथा मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने निगम पार्षदों की उपस्थिति में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। जिसमें शहर की पेयजल, सीवर तथा जल निकासी से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समन्वय बैठक में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पार्षदों की मांग के अनुरूप कार्य करवाए जाएं। अधिकारी नागरिकों को पर्याप्त व शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के प्रबंध करें। संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार ही कार्य करवाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शहर में गड्ढे न हो। यदि किसी पाइप लाइन लीकेज अथवा सीवर आदि के कार्य के कारण खुदाई की जाती है तो सुरक्षा के सभी प्रबंध किए जाएं।



कटेंगे अवैध कनेक्शन

सतबीर सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में सर्वेक्षण कर पेयजल के वाणिज्यिक प्रयोग के अवैध कनैक्शनों को तुरंत काटा जाए ताकि सभी नागरिकों को शुद्ध व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जल घरों की नियमित अंतराल पर सफाई करवाई जाए। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी निगम पार्षदों के संपर्क में रहे और वार्डों में नागरिकों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाएं।

हर संभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी

नगर निगम आयुक्त सतेंद्र दूहन ने कहा कि नगर निगम द्वारा जनस्वास्थ्य विभाग को सीवर व पेयजल से संबंधित समस्याओं से निदान के लिए हर आवश्यक मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करें। जनस्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम मिलकर अभियान चलाएंगे, जिसके दौरान सड़कों पर सीवर के असमतल मैनहोल को समतल करवाया जाएगा तथा क्षतिग्रस्त ढक्कनों का बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीवर सफाई के दौरान गाद को तुरंत उठाया जाए। निर्माण या मरम्मत कार्य के दौरान सुनिश्चित किया जाए कि नागरिकों को कोई असुविधा न हो।

जींद रोड के पास बनेगा जल भंडारण

पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी खोखराकोट व जींद रोड के आसपास जल भंडारण के लिए जगह की चिन्हित करें ताकि इस क्षेत्र में नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी जल भंडारण के लिए स्थल की पहचान के उपरांत प्रस्ताव तैयार करें।मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान शहर में यातायात प्रबंधन में सभी पार्षद अपना पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पुराना बस अड्डा के नजदीक लड़कों के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में वाहन पार्किंग के आवश्यक प्रबंध करवाएं। सभी अधिकारी निगम पार्षदों द्वारा रखी जाने वाली समस्याओं का समय पर निपटारा करवाएं।

सूची के अनुसार दुरुस्त करवाएं सीवर लाइन

मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा निगम पार्षदों की ओर से दी गई सूची अनुसार पेयजल व सीवर लाइन को दुरुस्त करवाई जाए। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को सीवर लाइन एवं पेयजल पाइप लाइन के बारे में आवश्यक सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा कि पार्षदों के साथ नियमित रूप से ऐसी समन्वय बैठकों का आयोजन भविष्य में भी किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह, निगम पार्षद गण, जनस्वास्थ्य विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूपों की झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

रामलीला महोत्सव संपन्न

भगवान श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुरानी आईटीआई मैदान में आयोजित रामलीला महोत्सव का बुधवार को भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक और लव-कुश लीला के मंचन के साथ समापन हुआ। श्रीराम के अयोध्या के सिंहासन पर विराजमान होते ही पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कलाकारों ने राज्याभिषेक का प्रसंग जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। अयोध्या में घी के दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाने का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। महाआरती में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की आराधना की। श्री रामलीला उत्सव कमेटी की ओर से पंडाल को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था। मंच पर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूपों की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।



रोहतक। पुरानी आईटीआई में मंचन के दौरान कलाकारों को सम्मानित करते समाजसेवी राजेश जैन और सुभाष तायला।

राजेश जैन ने विजयी तिलक लगाया

कमेटी के मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि उत्सव कमेटी के मुख्य संरक्षक एवं समाजसेवी उद्योगपति राजेश जैन ने विजय तिलक किया। महामंडलेश्वर बाबा कालीदास महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी आशीष चौरसिया, उद्योगपति रविंद्र गर्ग बॉबी, सुरेश बंसल, सुरेंद्र अग्रवाल, बिजेंद्र गोगी और राजू मित्तल सहित अतिथि मौजूद रहे। कमेटी के प्रधान सुभाष तायल सहित अतिथियों ने रिमोट का बटन दबाकर मंचन का शुभारंभ किया। इसके बाद भगवान श्रीराम का अभिषेक और संगीतमय महाआरती हुई। इस महाआरती में रामलीला में भूमिका निभाने वाले कलाकारों ने भाग लिया।



रोहतक। श्री सनातन धर्म पंजाबी रामलीला क्लब के मंच पर श्री पंचदश नाम जूना अखाड़ा के उपाचार्य प्रभु श्री राम का राजतिलक करते हुए।

रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किए

भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के दौरान भक्तों ने जयकारों के साथ खुशी जताई। कलाकारों ने लव-कुश लीला के जरिए रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किए। अभिनय और संवादों से लव-कुश की वीरता, संस्कार और मर्यादा को दर्शाया गया। दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। भावपूर्ण दृश्यों से पंडाल में भक्तिमय माहौल बना रहा। अतिथियों ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति, संस्कारों और मर्यादाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है। मंच संचालन सतीश भारद्वाज और विजय गुप्ता बाबा ने किया। कमेटी पदाधिकारियों ने अतिथियों और कलाकारों को मोतियों की माला, बैज, पटका, शाल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



रोहतक। पुराना बस स्टैंड के साथ श्री प्राचीन रामलीला,लोकल द्वारा निकाला गया भारत मिलाप का ढोला। फोटो : हरिभूमि

भरत मिलाप का निकाला ढोला

पुराना बस स्टैंड के पास श्री प्राचीन रामलीला की ओर से भरत मिलाप का ढोला निकाला गया। इसमें भगवान श्रीराम और भरत के मिलन का प्रसंग प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शंकरलाल मित्तल, सुशील मंगला, जयभगवान ऐरन, रमेश रोहिल्ला, गुलशन निझावन, अनिल बंसल, दिनेश तायल, विकास कंसल, प्रवीण गुप्ता, प्रेमचंद गर्ग, वरुण सिंगल, मनोज जिंदल, सुरेश तायल, विजय तायल और विनोद जैन सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी तथा श्रद्धालु मौजूद रहे।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने सांपला में पटाखा दुकान और गोदाम की सुरक्षा जांची

■ ग्राहकों को वापस लौटना पड़ा
देर शाम तक जारी रही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

दीपावली के त्योहार पर पटाखों की बढ़ती मांग के बीच प्रशासन ने सुरक्षा नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए जांच अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में बुधवार सुबह हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम सांपला पहुंची और कस्बे में पेट्रोल पंप के पास स्थित पटाखों की दुकान और गोदाम का निरीक्षण किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर पटाखों के भंडारण और आग से बचाव के इंतजामों की जांच की। कार्रवाई के दौरान पटाखे खरीदने पहुंचे कई ग्राहकों को वापस लौटना पड़ा।

कस्बे में पेट्रोल पंप के पास पटाखों की एक दुकान और उसका गोदाम स्थित है। दीपावली के नजदीक आने के साथ ही यहां पटाखे खरीदने के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ रही है। त्योहार को देखते हुए बुधवार सुबह प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने दुकान और गोदाम की जांच शुरू की। जांच की कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। जांच के दौरान पटाखों के भंडारण के साथ-साथ आग से बचाव के लिए किए गए प्रबंधों को भी परखा गया। गोदाम में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, आग बुझाने के इंतजाम और सुरक्षा के लिहाज से आवश्यक दूरी से जुड़े नियमों की जांच की गई। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण किया कि पटाखों के भंडारण और बिक्री के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

पटाखों के भंडारण के साथ-साथ आग से बचाव के लिए किए गए प्रबंधों को परखा

जांच के चलते प्रभावित हुई बिक्री

टीम के पहुंचने के बाद पटाखे खरीदने आए कई ग्राहकों को वापस भेज दिया गया। इससे कुछ समय के लिए पटाखों की बिक्री प्रभावित हुई। दिवाली के चलते लोग बड़ी संख्या में पटाखे खरीदने पहुंच रहे हैं। ऐसे में दुकान और गोदाम की जांच को सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद ही नियमों के पालन और कार्रवाई से संबंधित स्थिति स्पष्ट हो सकेगी

सड़कों पर उतरी कांग्रेस, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका

■ कांग्रेसियों ने भारत भूषण बत्रा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वोट चोरी के आरोपों और विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने विधायक भारत भूषण बत्रा के नेतृत्व में शहर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस भवन से शुरू हुआ प्रदर्शन गोहाना अड्डा और शांत भाई चौक होते हुए छोटूराम चौक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर विरोध जताया। इससे पहले कांग्रेस भवन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक बत्रा ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में जनता बदलाव चाहती थी, लेकिन वोट चोरी ने जनादेश की तस्वीर बदल दी। बत्रा ने कहा कि यदि हरियाणा में वोट चोरी नहीं हुई होती तो आज प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होती। उन्होंने कहा कि जनता के वोट की ताकत को कमजोर करने का प्रयास लोकतंत्र की बुनियाद पर सीधा प्रहार है। कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका निष्पक्ष निर्णायक की होती है, लेकिन आज उसकी कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



प्रदर्शन में ये हुए शामिल

इस मौके पर पार्षद विजय गोयल, कांग्रेस डेलिगेट मोनू शर्मा, सांसद प्रतिनिधि सुलभ गुगनानी, संगठन जिला महासचिव वीरेंद्र सचदेवा, जिला महासचिव चरणजीत शर्मा, जिला महासचिव विकास गोयल, जिला महासचिव विजय कुमार, जिला महासचिव योगेंद्र बोस, जिला महासचिव संगीता सहरावत, कोषाध्यक्ष बलजीत राणा, ब्लॉक अध्यक्ष कपिल खन्ना, ब्लॉक सुनील बल्ली आदि मौजूद रहे।



बंगाली समुदाय ने पारंपरिक पूजा से दुर्गा की स्तुति की

रोहतक। स्थानीय बंगाली समुदाय द्वारा कम्युनिटी सेंटर मॉडल टाउन रोहतक में आयोजित किए जा रही इस सर्वजनिन दुर्गा पूजा में बुधवार को विजय दशमी के दिन प्रातः पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई। पुष्प-मिष्ठान्न, मंत्रोच्चारण के साथ, मां दुर्गा की स्तुति की गई। दीप प्रज्ज्वलन तथा शंख ध्वनि के साथ आरती की गई। सुहागन महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। सुहागन रहने की मंगल कामना करते हुए महिलाओं ने खुशी का इजहार किया। देवी मां का वरण भी महिलाओं ने किया। ढाक के थाप पर पूरे भक्ति भाव से भक्त जनों ने मां दुर्गा की आराधना की। दुर्गा पूजा के अंतिम दिन मां दुर्गा, देवी सरस्वती, देवी लक्ष्मी, गणेश देव, कार्तिकेय देव की विदाई की बेला नम आंखों से श्रद्धालुओं ने इन देवी-देवताओं को नमन किया। आसचे बच्छोर आबार होबे (अगले वर्ष फिर होगा) तथा दुर्गा माई की जय के जय-जयकार से मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी गई। सामाजिक सद्भाव तथा भाई चारा-प्रेम-शांति का संदेश देता हुआ तथा भारत में सांस्कृतिक विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता हुआ सर्वजनीन दुर्गा पूजा उत्सव आज सम्पन्न हो गया

भाजपा को झूठे वादों का हिसाब और जवाब देना पड़ेगा : दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश में भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के 2 वर्ष पूरे होने पर सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने पत्रकार वार्ता कर बीजेपी सरकार के कुशासन, वादाखिलाफी, जनविरोधी नीतियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए बीजेपी सरकार की विफलताओं को उजागर किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने हरियाणा को विकास की पटरी से उतार दिया है। हर वर्ग इस सरकार से दुखी है। सरकार ने झूठे वायदों के आधार पर काले धन और चुनाव आयोग का दुरुपयोग कर, वोट चोरी समेत हर हथकंडे अपनाकर सरकार बनायी। जो सरकार मैनेजमेंट से बनी हो जनभावना से न बनी हो वो जनता को भूल चुकी है। लेकिन हम बीजेपी को जनता से किये वायदे भूलने नहीं देंगे। भाजपा को झूठे वायदों का हिसाब और जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने प्रजातन्त्र की रक्षा के लिए 1 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी की रैली में पहुंचने का आवाहन किया। उन्होंने चुनाव के समय किए गए बीजेपी के प्रमुख वायदों को एक-एक कर गिनाते हुए जवाब मांगा।

बाहर के बच्चों को दिया जा रहा रोजगार: सांसद

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने चुनाव के समय 36 बिरादरी के गरीब, एससी, बीसी परवारों को हुड्डा सरकार की तरह 100-100 गज के प्लॉट की स्कीम दोबारा शुरू करने, पौने दो लाख एचकेआरएन के एंप्लॉई और सफाई कर्मचारियों को पक्का करने का वादा किया लेकिन हरियाणा से ज्यादा हरियाणा के बाहर के बच्चों को लगाया जा रहा है। हर जिले में ओलंपिक खेलों की नर्सरी बनाने का वायदा किया था। बीजेपी बताए वो नर्सरी लाखनमाजरा, महम, रोहतक या किस जिले में कहां बनी। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बिजली विभाग के निजीकरण का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि इससे किसानों व गरीबों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक बीबी बतरा, विधायक शकुंतला खटक, पूर्व मंत्री सुभाष बतरा, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी आदि मौजूद रहे ।

एनएसएस वालंटियर्स से जल संरक्षण तथा प्लास्टिक फ्री पर्यावरण से जुड़ने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राष्ट्रीय एकता अखंडता, राष्ट्र की सांस्कृतिक विविधता में निहित एकता, तथा सामूहिकता के साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकारों में सहभागिता का संदेश बुलंद करता हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का राष्ट्रीय एकीकरण शिविर बुधवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में प्रारंभ हुआ। एमडीयू कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने अपने अध्यक्षीय भाषण में इस राष्ट्रीय एकीकरण शिविर को विविध संस्कृतियों का समावेशी समागम करार दिया। उन्होंने कहा कि यह शिविर हमें विविध विचारों को स्वीकार करने तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत का दर्शन देता है। कुलपति ने एनएसएस वालंटियर्स से जल संरक्षण तथा प्लास्टिक फ्री पर्यावरण से जुड़ने का आह्वान किया। पर्यावरणीय सरोकारों से जुड़ने तथा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता में योगदान देने का आह्वान कुलपति ने किया।

मेल जोल बढ़ाने का अवसर

राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित उद्यमी, समाज सेवक राजेश जैन ने कहा कि यह शिविर जहाँ विभिन्न राज्यों से आए वालंटियर्स में आपसी मेल-जोल बढ़ाने का अवसर देगा, वहीं समता-समावेश के संस्कार भी देगा। राजेश जैन ने कहा कि वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा-विमर्श भी शिविर में होना चाहिए, ताकि वालंटियर्स समाज में पर्यावरणीय जागरूकता फैला सकें।उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि, राष्ट्रीय सेवा योजना के भारत के पहले बैच के वालंटियर (वर्ष 1969), कृष्ण कुमार गुप्ता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वालंटियर्स अपनी सोच में 'राष्ट्र हित सर्वोपरि' का दर्शन अपनाएं। उद्घाटन सत्र में उप समन्वयक (एनएसएस) डॉ. अंजू पंवार, डॉ. मनीषा, डॉ. अभिमन्यु, डॉ मिनाक्षी हुड्डा, समेत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, कुलपति कार्यालय के ओएसडी डॉ. रवि प्रभात, प्रो. प्रतिमा देवी, प्रो. सुरेन्द्र यादव, प्रो. कुलदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

खाद के साथ दूसरे उत्पाद खरीदने का दबाव नहीं बना सकेंगे विक्रेता

रोहतक। खाद विक्रेता किसानों को खाद के साथ दवाइयां, सल्फर, नैनो यूरिया या अन्य कृषि उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेंगे। किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध करवानी होगी। बुधवार को उपायुक्त सतबीर सिंह की अध्यक्षता में सरकारी खरीद व्यवस्था की समीक्षा के दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने खाद के साथ अन्य उत्पाद खरीदने के लिए दबाव डालने का मुद्दा उठाया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि खाद खरीदने के लिए किसानों पर किसी दूसरे कृषि उत्पाद की खरीद की शर्त नहीं थोपी जा सकती। खाद विक्रेताओं, डीलरों और वितरकों को जबरन टैगिंग से बचने के निर्देश दिए गए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ खाद नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप कृषि निदेशक सुरेंद्र सिंह ने आश्वासन दिया कि खाद के साथ दूसरे उत्पाद खरीदने का दबाव डालने संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। विभाग विक्रेताओं की गतिविधियों पर निगरानी रखेगा और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई करेगा।



डीसी सतबीर सिंह

विधिक साक्षरता प्रतियोगिताओं में सांपला की लघु नाटिका प्रथम

निबंध स्पर्धा में एचडीपीएस ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विधिक साक्षरता प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन में एचडीपीएस बहु अकबरपुर, नारा लेखन और तात्कालिक चित्रकला में पीएम श्री राजकीय कन्या वमावि महम, कविता पाठ में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कारौर खुर्द, प्रश्नोत्तरी और भाषण में पठानिया पब्लिक स्कूल, पावरपॉइंट प्रस्तुति में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर, वृत्तचित्र फिल्म में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा, वाद-विवाद में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहरावर और लघु नाटिका में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला प्रथम रहा। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से बुधवार को जेपी इंटरनेशनल स्कूल में प्रतियोगिताएं और 'कानूनी दिशाएं' कार्यक्रम हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देना जरूरी है। इससे वे जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं।



जैन भारती रहा द्वितीय

निबंध लेखन में जैन भारती इंटरनेशनल स्कूल दूसरे और राजकीय वमावि खिड़वाली तीसरे स्थान पर रहा। नारा लेखन में राजकीय वमावि कलानौर दूसरे और राजकीय वमावि झज्जर तीसरे स्थान पर रहा। कविता पाठ में पठानिया स्कूल दूसरे और मॉडल संस्कृति स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। चित्रकला में राजकीय वमावि सुंदरपुर दूसरे और तिहली तीसरे स्थान पर रहा। प्रश्नोत्तरी में राजकीय वमावि महम दूसरे और सांपला तीसरे स्थान पर रहा। पावरपॉइंट प्रस्तुति में राजकीय कन्या वमावि करौंथा दूसरे और द आर्यन पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। वृत्तचित्र फिल्म में पठानिया स्कूल दूसरे और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर तीसरे स्थान पर रहा।

न्यूज डायरी



वंदे मातरम राष्ट्रीय एकता का प्रतीक : उपायुक्त

रोहतक। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को मॉडल स्कूल, सेक्टर-4, रोहतक परिसर में भव्य सामूहिक गान समारोह का आयोजन किया गया। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष व उपायुक्त रोहतक सतबीर सिंह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार सहगल ने इस अवसर पर कहा कि इस आयोजन में विद्यालय परिवार एकजुट होकर राष्ट्र की गौरवशाली परंपराओं और स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणादायी विरासत को नमन कर रहा है।



राजकीय कॉलेज में कैंसर के प्रति किया जागरूक

रोहतक। शहीद राय सिंह राजकीय महाविद्यालय, सांपला के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका (नई दिल्ली) के सहयोग से कैंसर जागरूकता विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने मुख्य वक्ता डॉ. जय गोपाल शर्मा, डॉ. मुनीषा शर्मा (मणिपाल कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर सेंटर एवं ऑन्को रोबोटिक सर्जरीज) और उनकी टीम का स्वागत कर किया। डॉ. मुनीषा ने छात्र-छात्राओं को ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों, कारणों, समय पर नियमित जांच और बचाव के बारे में जानकारी दी।



समाचार पत्र वाचन में रुचिका ने मारी बाजी

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय, रोहतक में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता तथा स्टूडेंट काउंसलिंग सेल की अध्यक्षा डॉ. सुमन रानी के मार्गदर्शन में समाचार वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ चंदना जैन ने निभाई । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रुचिका बीकॉम द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर मुस्कान तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान पर करण बी. ए तृतीय वर्ष रहे। सांत्वना पुरस्कार आरती बीबीए प्रथम वर्ष, निकिता बी. ए प्रथम वर्ष को दिया गया।



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में नेहा रही प्रथम

रोहतक। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के भूगोल विभाग में 'ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण' जैसेसमसामयिक विषयों पर एक दिवसीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विभागाध्यक्ष डॉ. गुलशन कुमार के मार्गदर्शन और भूगोल परिषद् की संयोजिका डॉ. सुचेता यादव के देखरेख में संपन्न हुई।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नेहा ने प्रथम स्थान, पूजा ने द्वितीय स्थान तथा रेनू व युवराज ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।



ओमैक्स सिटी में मनाया दशहरा उत्सव

रोहतक। ओमैक्स सिटी, सेक्टर-26 में ओमैक्स हैप्पी होम्स रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में विजयादशमी का पर्व बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सोसायटी के निवासियों सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के प्रधान के. के. गर्ग, उपप्रधान असीम चोपड़ा, महासचिव डॉ. सुनील तोमर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। संस्था ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी निवासियों, दानदाताओं और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया



केवीएम में डांडिया व दशहरा उत्सव की धूम

रोहतक। केवीएम पब्लिक स्कूल में भव्य डांडिया व दशहरा उत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के.वी.एम. ग्रुप के चेयरमैन कर्मवीर मायना ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ विंग की निदेशक सान्या मायना, वर्ल्ड कैंपस विंग की निदेशिका डॉ. मनिषा, के.वी.एम. नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या ज्योति शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. श्रुति शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।समारोह में छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में सज्ज होकर मधुर संगीत की धुन पर डांडिया और गर्बा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मां दुर्गा के नौ रूपों पर आधारित विशेष नृत्य प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।

छात्राओं ने बेकार सामान से बनाईं उपयोगी वस्तुएं



रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक में वीमेन सेल एवं नेचर इंटरप्रिटेशन सेल के संयुक्त तत्वावधान में 'ट्रैश टू ट्रेजर' विषय पर एक दिवसीय रचनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'रिड्यूस, रीयूज़, रीसाइकिल' थीम पर आधारित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। इस मौके पर शिक्षक व कॉलेज का अन्य स्टॉफ भी मौजूद रहा।

पुरुषों की भाला फेंक एफ55 स्पर्धा में सुखचैन ने 29.94 मीटर का थ्रो कर अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीता

एशियन पैरा गेम्स 2026 : रोहतक के एथलीटों का दबदबा बरकरार, कांस्य पदकों की लगाई झड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

10 वर्षों से व्हीलचेयर पर रहने के बावजूद धनखड़ ने नहीं हारी हिम्मत

हौसले अगर बुलंद हों, तो विपरीत हालात भी रास्ता नहीं रोक पाते। इसका जीता-जागता उदाहरण पेश किया है झज्जर के गांव गोयला कलां के पैरा एथलीट सुखचैन धनखड़ ने, जिन्होंने पैरा एशियन गेम्स की जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) स्पर्धा में पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है।

जापान के आइची-नागोया में आयोजित हो रहे एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। तीसरे दिन भारतीय एथलीटों ने विभिन्न स्पर्धाओं में दमदार प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में कई कांस्य पदक डाले। पुरुषों की भाला फेंक एफ55 स्पर्धा में सुखचैन सिंह ने 29.94 मीटर का थ्रो करके अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, महिलाओं की चक्का फेंक एफ55 स्पर्धा में रोहतक की करमज्योति ने 21.60 मीटर का थ्रो कर देश को कांस्य दिलाया। डिस्कस थ्रो एफ 37 स्पर्धा में एथलीट हनी ने भी 57.04 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। पैरा तैराकी में बोहर के 22 वर्षीय दृष्टिबाधित तैराक हिमांशु नांदल ने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एस11 स्पर्धा को 1 मिनट 20.72 सेकंड में पूरा कर अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। हिमांशु का पैरा एशियन में दूसरा मेडल है। मूलरूप से झज्जर निवासी हनी और सुखचैन रोहतक के राजीव गांधी स्टेडियम में कोच सुनील फोगाट के पास अभ्यास करते हैं। कोच सुनील फोगाट ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। सुखचैन की यह कामयाबी संघर्ष और अटूट जज्बे की मिसाल है। वर्ष 2016 में एक दर्दनाक सड़क हादसे में उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई थी, जिसके बाद उनके दोनों पैरों ने काम करना बंद कर दिया। पिछले 10 वर्षों से व्हीलचेयर पर रहने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। इस कठिन दौर में उनके छोटे भाइयों सुरेंद्र व सन्नी और पूरे परिवार ने उनका संबल बढ़ाया। एक भाई हमेशा उनके साथ रहकर अभ्यास के लिए स्टेडियम लाने-ले जाने में मदद करता है। सुखचैन पिछले चार सालों से रोहतक के राजीव गांधी खेल परिसर में कोच सुनील फोगाट की देखरेख में कड़ी मेहनत कर रहे थे। उनकी यह स्वर्णिम सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

हनी ने मानसिक कमजोरी को नहीं बनने दिया अपनी हार

होनहार पैरा एथलीट हनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डिस्कस थ्रो (एफ 37 स्पर्धा) में 57.04 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। मानसिक कमजोरी को अपनी हार नहीं बनने देते हुए हनी ने यह साबित कर दिया कि अटूट हौसले के आगे बड़ी से बड़ी बाधा भी छोटी पड़ जाती है। मूलरूप से हरियाणा के झज्जर जिले के गोरिया गांव निवासी 17 वर्षीय हनी के पिता सुरेंद्र कुमार और माता सरिता देवी हैं। चुनौतियों के बावजूद किसी पर निर्भर न रहकर अपनी अलग पहचान बनाने वाले हनी की बहन भी खेलों से जुड़ी हैं। बहन के कोच से प्रेरणा लेकर ही उन्होंने पैरा खेलों में कदम रखा था। इससे पहले भी हनी वर्ष 2023 के एशियाई पैरा गेम्स में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र और परिवार में जश्न का माहौल है।



रोहतक। कोच सुनील के साथ सुखचैन और हनी। फोटो : हरिभूमि

बोहर के हिमांशु नांदल ने तैराकी में जीता दूसरा कांस्य



पैरा तैराकी में बोहर के 22 वर्षीय दृष्टिबाधित तैराक हिमांशु नांदल ने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एस11 स्पर्धा को 1 मिनट 20.72 सेकंड में पूरा कर अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के बल पर इंसान हर बाधा को पार कर सकता है, इसे साबित कर दिखाया है रोहतक के गांव बोहर निवासी 22 वर्षीय युवा पैरा तैराक हिमांशु नांदल ने। जन्म से ही 'ऑप्टिक नर्व' में खराबी के कारण दृष्टिहीन होने के बावजूद, हिमांशु ने कभी हिम्मत नहीं हारी। हिमांशु के पिता बलवान सिंह ने बताया कि हिमांशु ने एशियन गेम्स में ओर भी तैराकी के इवेंट बाकी है। अभी कांस्य पदक जीता है उम्मीद है कि आगे वाले इवेंट में स्वर्ण पदक जीतेगा।



चिड़ी गांव की करमज्योति ने रीढ़ की हड्डी की चोट व मिर्गी बीमारी को हरा कांस्य जीता

महिलाओं की चक्का फेंक एफ55 स्पर्धा में रोहतक की करमज्योति ने 21.60 मीटर का थ्रो कर देश को कांस्य दिलाया। 39 वर्षीय करमज्योति को वर्ष 2008 में छत से गिरने के कारण रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई थी। इसके अलावा, बचपन से एपिलेप्सी (मिर्गी) बीमारी के बावजूद उन्होंने अपने हौसले को टूटने नहीं दिया। चोट के बाद भाई अमित की प्रेरणा से उन्होंने 2014 में थ्रो खेलों की ओर कदम बढ़ाया। चाचा अशोक ने उन्हें रोजाना चिड़ी गांव से राजीव गांधी खेल परिसर लाने-ले जाने के लिए करीब 100 किलोमीटर का सफर तय कराकर अभ्यास कराया। करमज्योति 2014 चीन ओपन में दो पदक, पैरा एशियाड में कांस्य पदक जीत चुकी हैं और 2016 रियो पैरालंपिक में भी हिस्सा ले चुकी हैं। वर्तमान में वे खेल विभाग में कोच के रूप में राजीव गांधी खेल परिसर में कार्यरत हैं।

परिजनों को किया सम्मानित, एसपी ने ईमानदारी से ड्यूटी करने का किया आह्वान

स्मृति दिवस पर जवानों की शहादत को नमन

पुलिस गार्द ने शोक सलामी दी और दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस जवानों की शौर्य गाथा को याद करते हुए बुधवार को पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। सुबह आठ बजे आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में पुलिस अधिकारियों, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों और शहीद जवानों के परिजनों ने पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया। पुलिस गार्द ने शोक सलामी दी और दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया। समारोह में रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हामिद अख्तर मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने की। सहायक पुलिस अधीक्षक वैशाख बागी, डीएसपी मुख्यालय राजेश कुमार लोहान, डीएसपी सांपला राकेश मलिक, डीएसपी महिला विरुद्ध अपराध दलीप सिंह और डीएसपी महम तनुज शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



रोहतक। पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते मुख्यअतिथि रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हामिद अख्तर।

प्राण न्योछावर करने वालों को किया याद

आईजी हामिद अख्तर ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस उन जवानों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। पुलिसकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर आमजन की सुरक्षा करते हैं और बिना थके-रुके दिन-रात समाज की सेवा में जुटे रहते हैं। जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनसे प्रेरणा लेकर प्रत्येक पुलिसकर्मी को ईमानदारी और सच्ची निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया।



रोहतक। वीर शहीदों के परिजन को सम्मानित करते रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हामिद अख्तर व एसपी गौरव राजपुरोहित। फोटो : हरिभूमि

154 जवानों को किया याद

पूरे भारतवर्ष में 01.09.2025 से 31.08.2026 तक शहीद हुए 154 पुलिस जवानों की शहादत को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस अवधि के दौरान आंध्र प्रदेश पुलिस का 01, अरुणाचल प्रदेश के 01, आसाम के 06, बिहार के 12, छत्तीसगढ़ के 06, गुजरात 02, हरियाणा के 04, झारखंड के 03, कर्नाटक के 05, केरलम के 01, मध्यप्रदेश के 09, महाराष्ट्र के 02, मणिपुर के 01, पंजाब के 02, राजस्थान के 05, तमिलनाडु के 6, तेलगांना का 04, उत्तर प्रदेश के 06, उत्तराखण्ड के 01, पश्चिम बंगाल के 05, दिल्ली के 03, जम्मू कश्मीर के 09, आसाम राईफलस के 06, बीएसएफ के 25, सीआईएसएफ का 04, सीआरपीएफ के 02, आईटीबीपी के 09, एसएसबी के 05, आरपीएफ के 08 व एफएस, सीडीएचजी के 01 जवान शहीद हुए है। पुलिस गार्द द्वारा शोक सलामी देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। सुबह आठ बजे आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में पुलिस अधिकारियों, सेवानिवृत पुलिसकर्मियों और शहीद जवानों के परिजनों ने पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किय।

पुलिस के शहीद जवानों की शौर्य गाथा सुनाई

डीएसपी तनुज शर्मा ने रोहतक पुलिस में तैनात रहते हुए अपराधियों और असामाजिक तत्वों से मुकाबला करते हुए शहीद हुए निरीक्षक विजेंद्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र, सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह, ईएचसी रामकिशन, सिपाही महावीर, मुख्य सिपाही राजसिंह और सिपाही राज सिंह के बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि इन जवानों ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए प्राण न्योछावर किए। उनकी शहादत हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।

1959 की घटना की याद में मनाया जाता है दिवस

एसपी गौरव राजपुरोहित ने बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में तैनात भारतीय पुलिसकर्मियों की टुकड़ी पर चीनी सैनिकों ने हमला किया था। पुलिसकर्मियों ने अपनी पोस्ट की सुरक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्हीं वीर जवानों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से शहीदों के आदर्शों को अपनाते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करने का आह्वान किया।



जाट कॉलेज ने यूटीडी एमडीयू रोहतक को 3-1 से दी शिकस्त

- एमडीयू में लॉन टेनिस के छह मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में सत्र 2026-27 की अंतर महाविद्यालय लॉन टेनिस (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल प्रतिभा, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग के मुकाबलों में जाट कॉलेज, रोहतक ने यूटीडी एमडीयू रोहतक को 3-1 से हराया। सैनी कॉलेज, रोहतक ने सीडीआरजेएम बुटाना को 3-1 से पराजित किया। टीआरजीसी सोनीपत ने प. एनआरएस कॉलेज, रोहतक को 3-1 से मात दी, जबकि अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ ने सीपीएएस एमडीयू गुरुग्राम को 2-0 से हराया। जाट कॉलेज, रोहतक ने टीआरजीसी सोनीपत को 2-0 से तथा एमकेजेकेएम, रोहतक ने अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ को 2-0 से पराजित कर जीत दर्ज की। मुख्यातिथि ओम प्रकाश मोर ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेल भावना और ईमानदारी के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित किया। खेल निदेशक कुलताज सिंह ने सभी खिलाडियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ के कुशल नेतृत्व में एमडीयू में खेल संस्कृति को सुदृढ़ किया जा रहा है, खिलाड़ियों को पूरा प्रोत्साहन दिया जा रहा है। लॉन टेनिस कोच श्रवण कुमार खेल प्रतियोगिता का संचालन कर रहे हैं। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक, खिलाडी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

कचरे को उपयोगी ऊर्जा में बदलकर प्रदूषण कम करने में मिल सकती है मदद : अरशद

- एमडीयू में 'वेस्ट-टू-एनर्जी' पर विशेषज्ञ व्याख्यान में बताया कचरे का प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेंटर फॉर स्किल एंड वोकेशनल एजुकेशन तथा यूआईईटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'अपशिष्ट से ऊर्जा' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें ऑस्ट्रेलिया स्थित आरएमआईटी विश्वविद्यालय के शोधार्थी अरशद अली ने विद्यार्थियों के साथ अपने शोध अनुभव साझा किए। अरशद अली ने विद्यार्थियों को शोध, नवाचार तथा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सेंटर के निदेशक प्रो. प्रभाकर कौशिक ने विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता के साथ व्यक्तित्व विकास और संचार कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. दीपक छाबड़ा और डॉ. रविंदर कुमार सहदेव ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।



अली ने अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन की आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उचित तकनीकों के माध्यम से कचरे को उपयोगी ऊर्जा में बदलकर ऊर्जा की मांग पूरी करने और प्रदूषण कम करने में मदद मिल सकती है। अरशद अली ने

दिव्यजोत ने 8वीं बैंडी नेशनल चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। आर्यन ग्लोबल स्कूल की 12वीं कक्षा की प्रतिभावान छात्रा दिव्यजोत ने बर्फ पर खेले जाने वाले खेल 'आइस बैंडी' में राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है। दिव्यजोत ने 17 और 18 अक्टूबर को गुरुग्राम में आयोजित 8वीं बैंडी नेशनल चैंपियनशिप 2026 में स्केटिंग स्पर्धा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

उनकी इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य आर. के. खन्ना ने दिव्यजोत की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और खेल के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय की



डायरेक्टर सुनीता अहलावत ने भी दिव्यजोत को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरी प्रबंध समिति और विद्यालय परिवार ने छात्रा को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

शिव संगम को 2 रन से हरा भारती क्रिकेट अकादमी बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबू श्यामलाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए 'प्रथम विनोद कुमार मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट 2026' के फाइनल मुकाबले में भारती क्रिकेट अकादमी ने शिव संगम क्रिकेट अकादमी को मात्र 2 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया।

टूर्नामेंट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारती क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवरों में 7 विकेट पर 272 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए प्रयान (63 रन), जयंत दलाल जे.डी. (62 रन), लुविश (52 रन) और शौर्य सिंह (40 रन) ने अहम पारियां खेलीं। जीत के लिए 273



रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिव संगम क्रिकेट अकादमी ने जोरदार संघर्ष किया, लेकिन टीम 40 ओवर में 3 विकेट खोकर 270 रन ही बना सकी। शिव संगम की ओर से ओजश धुल्ल ने 113 गेंदों पर शानदार नाबाद 128 रन और रविश दलाल ने 75 रन बनाए। गेंदबाजी में भारती क्रिकेट अकादमी के रविश दलाल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 8 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जबकि यमन और कुशल बुधवार ने 1-1 विकेट लिया।



शीतल स्पोर्ट्स स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने म्यूजिकल चेयर में दिखाई फुर्ती, हार्दिक और अभिषेक रहे प्रथम

रोहतक। शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नर्सरी और केजी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे उत्साह और फुर्ती के साथ भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले में नर्सरी कक्षा से हार्दिक और केजी कक्षा से अभिषेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका नेहा और प्रधानाचार्य अनिल हुड्डा मौजूद रहे। उन्होंने विजेता बच्चों को बधाई दी और सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विभिन्न खेल व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अनिल हुड्डा ने कहा कि स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, एकाग्रता, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है।

किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीकों के प्रति जागरूक करने पर दिया जोर

पराली जलाने वालों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई: एसडीएम

सीएक्यूएम के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

उपमंडल अधिकारी (नागरिक) विपिन कुमार ने बुधवार को उपमंडल कार्यालय में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महम उपमंडल में पराली जलाने की घटनाओं को शून्य पर लाने के लिए प्रभावी निगरानी, व्यापक जन-जागरूकता और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसडीएम विपिन कुमार ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों, ग्राम सचिवों, पटवारियों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। गांवों में सरपंचों एवं ग्राम स्तर पर गठित टीमों के माध्यम से किसानों से निरंतर संपर्क बनाए रखा जाए तथा पराली जलाने की किसी भी घटना की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र में नियमित निरीक्षण एवं निगरानी की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। एसडीएम ने महम उपमंडल के तीन चिन्हित येलो जोन गांवों फरमाना, मोखरा खास और मदीना में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन गांवों में संबंधित विभागों की टीमें विशेष सतर्कता बरतें तथा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए आपसी समन्वय से कार्य करें। और आवश्यकतानुसार सहयोग उपलब्ध करवाने तथा दमकल विभाग को आगजनी की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल तरीकों के प्रति जागरूक करने को कहा।

गांवों में जाकर घर-घर संपर्क अभियान चलाएं



एसडीएम विपिन कुमार ने अधिकारियों से कहा कि गांवों में घर-घर संपर्क अभियान चलाएं, किसानों के साथ बैठकें आयोजित करें तथा स्कूलों के माध्यम से विद्यार्थियों और उनके परिवारों को भी पराली जलाने के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखने और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में बीडीपीओ मुकुल दहिया, नायब तहसीलदार राहुल बूरा, कृषि विकास अधिकारी मोनिका सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कृषि मशीनों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जाए

किसानों को कस्टम हायरिंग सेंटर, सुपर सीडर तथा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उपलब्ध अन्य कृषि मशीनों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण तथा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी जाए, ताकि वे पराली जलाने के बजाय वैकल्पिक साधनों को अपनाएं। एसडीएम विपिन कुमार ने कहा कि पराली जलाने के मामलों में संबंधित नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों को नियमानुसार भूमि में रेड एंट्री दर्ज किए जाने के प्रावधान तथा इससे फसल बिक्री संबंधी सरकारी पोर्टल पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के बारे में भी जागरूक करने के निर्देश दिए।

पीयू की शोधार्थी डॉ. कविता के कई गांवों में किए गए शोध में दावा

गोत्र और गांवों की सीमाओं में उलझे विवाह, बदल रहे रिश्तों के तौर-तरीके, युवाओं के लिए जीवनसाथी की तलाश बनी चुनौती

दूसरे राज्यों से महिलाएं हरियाणा लाई जा रही, इससे नए परिवेश में सामंजस्य बैठाने में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक क्षेत्र में गोत्र संबंधी मान्यताएं, एक ही गांव में विवाह की मनाही, बेरोजगारी और छोटी कृषि जोत युवाओं के लिए जीवनसाथी तलाशना चुनौतीपूर्ण बना रहे हैं। सीमित वैवाहिक विकल्पों के बीच दूसरे राज्यों से महिलाएं हरियाणा आ रही हैं। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ की शोधार्थी डॉ. कविता गिल ने विवाह संबंधी चुनौतियों, इन महिलाओं की स्थिति और स्थानीय संस्कृति पर प्रभाव का अध्ययन किया है। शोध प्रोफेसर स्मिता भूटानी के निर्देशन में पूरा हुआ। खरैंटी निवासी कविता ने बालंद, भालौठ, चिड़ी, चुलियाना, गुढाण, खिड़वाली, खरकड़ा, खरैंटी, निंदाना, पाकस्मां, पिलाना, रिटौली, टिटौली, सुंडाना और सैमाण गांवों में शोध किया।


एआई जेनरेटेड



सिमट रहा वैवाहिक दायरा

डॉ. गिल का कहना है कि गोत्र संबंधी मान्यताएं विवाह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कई गांवों में एक ही गांव के युवक-युवती के विवाह को सामाजिक स्वीकृति नहीं मिलती। पड़ोसी गांवों में भी गोत्र संबंधी प्रतिबंध रिश्ते तय करने में बाधा हैं। इससे युवाओं के लिए जीवनसाथी तलाशने के विकल्प सीमित होते हैं। रोजगार की कमी और छोटी जोत परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित करती हैं।

शोषण और उत्पीड़न का खतरा भी बढ़ रहा

दूसरे राज्यों से विवाह करके हरियाणा आने वाली कुछ महिलाओं को नए परिवेश में सामंजस्य बैठाने में परेशानी हो सकती है। मायके से दूरी, भाषा का अंतर और सामाजिक सहयोग का अभाव चुनौती बन सकता है। आर्थिक स्वतंत्रता और पारिवारिक सहयोग नहीं मिलने पर शोषण तथा उत्पीड़न का खतरा बढ़ सकता है। उनकी स्थिति का आकलन विश्वसनीय आंकड़ों से करना जरूरी है।

भात-कोथली की परंपराओं पर भी असर

हरियाणा की विवाह परंपराओं में भात, पीली चिट्ठी, कोथली और मामा तथा ननिहाल पक्ष के रीति-रिवाजों का महत्व है। इनसे रिश्तेदारों के बीच मेलजोल और पारिवारिक सहयोग मजबूत होता है। दूसरे राज्यों में विवाह होने पर दूरी और सांस्कृतिक अंतर से परंपराओं को निभाने के तौर-तरीके बदल सकते हैं। ऐसे विवाहों से परंपराएं अपने आप समाप्त नहीं होतीं, लेकिन नई पीढ़ी की भागीदारी घटने पर इनके कमजोर पड़ने की आशंका रहती है।

सामाजिक बदलाव के साथ रोजगार भी जरूरी

विवाह संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए सामाजिक मान्यताओं और बदलती परिस्थितियों में संतुलन जरूरी है। गोत्र संबंधी मान्यताओं और पड़ोसी गांवों में विवाह पर व्यापक और खुला सामाजिक संवाद की जरूरत है। रोजगार और कौशल विकास के अवसर बढ़ाने से युवाओं को आत्मनिर्भर होकर परिवार बसाने में मदद मिल सकती है।

निजीकरण के विरोध में तीन दिन की हड़ताल का आह्वान, बढ़ेगी आमजन की परेशानी

बिजली कर्मियों की हड़ताल आज से, फाल्ट पर बढ़ सकती है दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बिजली गुल हो जाए, तार टूट जाए या ट्रांसफार्मर में फाल्ट आ जाए तो उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने और बिजली आपूर्ति बहाल होने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। बिजली निगम के कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल के चलते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। 22, 23 और 24 अक्टूबर को प्रस्तावित हड़ताल को लेकर जहां बिजली निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है, वहीं आम उपभोक्ताओं को भी बिजली संबंधी समस्याओं का डर सताने लगा है। उधर, हड़ताल से पहले कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध में मोर्चा खोलते हुए हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) द्वारा निजी कंपनी को दिए जाने वाले टेंडर की प्रतियां विभिन्न सब यूनिटों में जलाकर विरोध जताया। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आयोजित विरोध कार्यक्रम में बिजली निगम के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कर्मचारियों ने सरकार और संबंधित विभागों की नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए बिजली विभाग में निजी कंपनियों की भागीदारी का विरोध किया। उनका कहना है कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा को निजी कंपनियों के हवाले करने से कर्मचारियों के हितों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

आपूर्ति हो सकती है प्रभावित

तीन दिन की हड़ताल के दौरान बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों, तकनीकी खराबियों और फाल्ट ठीक करने के कार्यों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, बिजली सेवाएं किस हद तक प्रभावित होंगी, यह कर्मचारियों की भागीदारी और वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर निर्भर करेगा। उपभोक्ताओं को सलाह है कि वे अपने जरूरी बिजली संबंधी कार्य समय रहते निपटा लें और किसी भी खराबी की स्थिति में निगम के आधिकारिक शिकायत माध्यमों का उपयोग करें।

महंगी हो सकती है बिजली : कर्मचारी

विरोध प्रदर्शन के दौरान सर्कल सेक्रेटरी विकास दहिया, सुनील दहिया, संदीप गोयत, रमेंद्र मलिक, संजीत मुदगिल और परमीत हुड्डा सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बिजली विभाग में निजी कंपनियों के प्रवेश से भविष्य में आम आदमी, गरीब किसान और मजदूर के लिए बिजली का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि निजी कंपनियों का उद्देश्य लाभ कमाना होगा, जिसका असर बिजली सेवाओं और उपभोक्ताओं के खर्च पर पड़ सकता है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि वे बिजली व्यवस्था के निजीकरण को स्वीकार नहीं करेंगे।

निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन, फूंकी ड्राफ्ट की प्रतियां



महम। बुधवार को बिजली कर्मचारियों ने महम के बिजली निगम उपमंडल कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण का विरोध किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बिजली कर्मचारियों ने सरकार द्वारा निजीकरण के लिए तैयार किए गए ड्राफ्ट की प्रतियां जलाई। कर्मचारियों ने कहा कि बुधवार रात 12 बजे से वे हड़ताल पर चले जाएंगे। कहा कि सरकार को गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनियों को बिजली का लाइसेंस देने के फैसले को वापस लिया जाए। निजीकरण की इस प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए।

इन्होंने भी दिया समर्थन

कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन में किसान यूनियन के नेता सुमित और प्रीत सिंह के अलावा विभिन्न जन संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने 22 से 24 अक्टूबर तक होने वाली हड़ताल का समर्थन किया है। बुधवार को हुए प्रदर्शन में करमबीर सिवाच, धर्मराज कुंडू, नरेंद्र बल्हारा, सुनील शर्मा, संदीप राणा, दिलबाग मलिक, सोनू, जयवीर चहल, जगपाल सांगवान, जगजीत निराला और संदीप जांगड़ा सहित अनेक यूनियन पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने दोहराया कि निजीकरण के विरोध में उनका संघर्ष जारी रहेगा। वहीं, फोरमैन बलजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार के फैसले कर्मचारियों में नाराजगी है।

दिल्ली बाइपास पर बेकाबू कार ने कई वाहनों को मारी टक्कर

मची अफरा तफरी, कई वाहन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अस्पताल के बाहर खड़े होकर अपने मरीजों का इंतजार कर रहे लोगों को उस समय परेशानी का सामना करना पड़ा, जब एक तेज रफ्तार कार अचानक बेकाबू हो गई। कार ने एक के बाद एक कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में अस्पताल के बाहर खड़ी कारों के साथ कई दोपहिया वाहन भी चपेट में आ गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने शोर मचाकर कार चालक को गाड़ी रोकने के लिए कहा। इसके बाद चालक ने कार रोकी तो मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

घटना बुधवार दोपहर को दिल्ली बाईपास चौक के पास स्थित नोबल हार्ट अस्पताल के बाहर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार कार अस्पताल के बाहर खड़े वाहनों से टकरा गई। टक्कर लगने से कई वाहनों को नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद वहां मौजूद वाहन चालकों ने अपने वाहनों की स्थिति देखी और नुकसान होने पर नाराजगी जताई। देखते ही देखते मौके पर काफी लोग एकत्रित हो गए। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।



बुलानी पड़ी पुलिस

हादसे में जिन वाहन चालकों की गाड़ियों को नुकसान पहुंचा, उन्होंने मौके पर ही कार चालक से जवाब मांगा। स्थिति को देखते हुए पुलिस को बुलाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस की मौजूदगी में घटना से संबंधित जानकारी जुटाई गई, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके।

भीड़ ने बढ़ाई परेशानी

दिल्ली बाईपास चौक स्थित नोबल हार्ट अस्पताल के बाहर अक्सर मरीजों और उनके परिजनों के वाहन खड़े रहते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से कई गाड़ियों का क्षतिग्रस्त होना लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया। हालांकि, हादसे में किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि कार चालक से वाहन अनियंत्रित कैसे हुआ और हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है।

लेन-देन पर विवाद, युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

- रेलवे पुल के नीचे वारदात, घायल अस्पताल में भर्ती; पुलिस जांच में जुटी
- खरावड़ निवासी सागर स्कॉर्पियो गाडी व दो-तीन अन्य गाड़ियों में 15-20 लोगों के साथ पहुंचा था

आपसी लेन-देन के विवाद में बुधवार को रेलवे पुल के नीचे एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया। हमले में युवक के हाथ पर भी किसी नुकीले हथियार से वार किया गया। घायल की पहचान बहादुरगढ़ निवासी मोहित पुत्र अजय के रूप में हुई है। उसे उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खरावड़ निवासी सागर स्कॉर्पियो गाड़ी और दो-तीन अन्य गाड़ियों में सवार करीब 15 से 20 साथियों के साथ सांपला रेलवे पुल के नीचे पहुंचा। जहां आपस मे कहासुनी हुई। यहां मोहित की बाईं जांघ में गोली मार दी गई और उसके हाथ पर भी नुकीले हथियार से वार किया गया। बताया जा रहा है कि मोहित और सागर एक-दूसरे को जानते हैं और उनके बीच लेन-देन का विवाद चल रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वारदात में शामिल लोगों और घटना के कारणों को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी है।

नहरों में पूजा सामग्री पर रोक के लिए तीन दिन जुटे पर्यावरण प्रहरी

रोहतक। शरदकालीन नवरात्रों के अंतिम तीन दिनों में दुर्गा प्रतिमाओं और पूजा सामग्री को नहरों में विसर्जित करने से रोकने के लिए पर्यावरण प्रहरी अभियान टीम के सदस्यों ने जागरूकता अभियान चलाया। सोनीपत रोड और बोहर पुल के पास टीम के वालंटियरों ने नहरी विभाग के कर्मचारियों के साथ सुबह से शाम तक लोगों से नहरों में मूर्तियां, प्लास्टिक और अन्य पूजा सामग्री नहीं डालने की अपील की। टीम के सदस्य कैप्टन जगबीर मलिक ने बताया कि कुछ लोगों ने अपील मानकर पूजा सामग्री निर्धारित स्थानों पर रखी, जबकि कुछ लोग मना करने के बावजूद सामग्री नहरों में डालते रहे। उन्होंने कहा कि केमिकल युक्त मूर्तियों और प्लास्टिक से जल प्रदूषण बढ़ता है। अभियान में राजवीर सिंह, प्रमिला चौधरी, मिथिलेश हुड्डा, रघुवेंद्र मलिक और डॉ. कृष्णा चौधरी सहित कई सदस्य जुटे रहे। टीम ने लोगों से जल संरक्षण में सहयोग करने की अपील की।

डीसी कार्यालय पर गरजी किसान सभा मुआवजे व बिजली आपूर्ति के मुद्दे उठाए

- जलभराव से बर्बाद धान की गिरदावरी की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जलभराव से बर्बाद धान की गिरदावरी, लंबित मुआवजे और बीमा क्लेम जारी करने से लेकर खेतों में आठ घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति तक की मांगों को लेकर किसान सभा ने बुधवार को डीसी कार्यालय में अधिकारियों के समक्ष आवाज उठाई। किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने, खाद के साथ अन्य कृषि उत्पाद जबरन देने पर रोक लगाने और जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी निकासी के स्थायी प्रबंध करने की मांग भी रखी। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

किसान सभा के जिला सचिव सुमित दलाल ने बताया कि संगठन ने मांगों को लेकर 16 अक्टूबर को डीसी कार्यालय पर धरना दिया था। इसके बाद प्रशासन ने प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिया था। इसी सिलसिले में बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में अधिकारियों के साथ वार्ता हुई। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की लंबित समस्याओं का समाधान करने की मांग दोहराई। किसान सभा ने बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल का समर्थन किया। सुमित दलाल ने आरोप लगाया कि सरकार नूंह और गुरुग्राम में बिजली वितरण के लिए समानांतर लाइसेंस देने के साथ एग्री डिस्कॉम और स्मार्ट मीटर योजना लागू कर रही है। इस मौके पर प्रीत सिंह, बलवान सिंह, जोगेंद्र बनियानी, अशोक राठी, कमान सिंह, राजेश, राय सिंह, रणबीर और उमेद सिंह मौजूद रहे।



पोर्टल की दिक्कतें दूर करने की मांग उठाई

किसान सभा ने ड्रेन से जुड़ी समस्याएं दूर करने और जलभराव वाले खेतों से पानी निकासी के स्थायी इंतजाम करने की मांग उठाई। संगठन ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की रुकी किस्तें जारी करने के साथ पोर्टल और पंजीकरण संबंधी परेशानियां दूर करने की मांग भी रखी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा और बीमा क्लेम समय पर मिलना चाहिए।

डिवाइडर से बाइक टकराने से एक की मौत, दो ने फांसी लगा दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- अकबरपुर गांव के पास डिवाइडर से बाइक टकराने से अब्दुल रहमान की मौत
- सांपला क्षेत्र में देव ने व बलियाना गांव में अमित ने फांसी लगाकर खत्म की जीवनलीला

रोहतक जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई तीन घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। इन घटनाओं में एक युवक की बाइक डिवाइडर से टकराने के कारण जान चली गई, जबकि दो अन्य लोगों की फांसी लगाने से मौत हो गई। घटनाओं की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और मामलों की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पहली घटना अकबरपुर के पास हुई। यहां अब्दुल रहमान बाइक पर सवार होकर जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी गंभीर थी कि अब्दुल रहमान की मौत हो गई। घटना के बाद संबंधित पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और मामले से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू की। वहीं, दूसरी घटना सांपला क्षेत्र में सामने आई। यहां देव ने फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस मामले से संबंधित परिस्थितियों की जांच कर रही है।

तीसरी घटना बलियाना गांव की है। यहां अमित की फांसी लगाने से मौत हो गई। इस घटना के बाद भी पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटनाएं किन परिस्थितियों में हुईं। जिले में एक ही दिन में अलग-अलग स्थानों पर हुई इन तीन घटनाओं से संबंधित क्षेत्रों में शोक का माहौल है। पुलिस टीम ने इन सभी मामलों में केस दर्ज जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

चुनाव | बुधवार को दो पैनलों ने किया नामांकन, 28 को होगा मतदान

एमडीयू गैर-शिक्षण कर्मचारी संघ चुनाव : कर्मचारी सांझा मंच और सुरक्षा मंच में सीधा मुकाबला

कर्मचारी साझा मंच से गोल्डी प्रधान व संजीव उप प्रधान, सुरक्षा मंच से फूल बोहत प्रधान व प्रेम उप प्रधान पद के उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर-शिक्षण कर्मचारी संघ चुनाव के लिए बुधवार को दो पैनलों ने नामांकन भरा। चुनव 28 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जायेगा। चुनाव अधिकारी सुरेश पाल राठी ने विभिन्न पदों के लिए प्राप्त हुए वैध नामांकन की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। इस बार विश्वविद्यालय परिसर का मुख्य मुकाबला दो प्रमुख गुटों- कर्मचारी सांझा मंच और कर्मचारी सुरक्षा मंच के बीच आमने-सामने का देखा जा रहा है।

चुनाव अधिकारी द्वारा जारी अंतिम सूची के अनुसार, कर्मचारी सांझा मंच की ओर से प्रधान पद के लिए विकास अहलावत 'गोल्डी', उप-प्रधान के लिए संजीव कुमार, महासचिव के लिए नरेश कुमार, सह-सचिव के लिए सुनील सैनी और कोषाध्यक्ष पद के लिए योगेश बलाना मैदान में हैं। वहीं दूसरी तरफ, कर्मचारी सुरक्षा मंच ने प्रधान पद के लिए फूल कुमार बोहत, उप-प्रधान के लिए प्रेम कुमार सजवाण, महासचिव के लिए हरि प्रकाश भारद्वाज, सह-सचिव के लिए रणधीर सिंह 'चीकू' और कोषाध्यक्ष पद के लिए डा. राजेश शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही कार्यकारिणी समिति के लिए श्रेणी संख्या 1 से अजय कुमार, धर्मेन्द्र, सुरेन्द्र सिंह और विनोद कुमार चुनावी मैदान में उतरे हैं। वहीं श्रेणी संख्या 2 से धर्मपाल, श्रेणी संख्या 5 से जगदीश सिंह, श्रेणी संख्या 6 से भूदत्त और श्रेणी संख्या 8 से डा. सुरेन्द्र सिंह ने अपने नामांकन दर्ज कराए हैं।


रोहतक। प्रधानपद के लिए नामांकन फार्म जमा करवाते कर्मचारी सुरक्षा मंच से उम्मीद्वार फूल कुमार बोहत व अन्य।


रोहतक। प्रधानपद के लिए नामाकंन फार्म जमा करवाते कर्मचारी साझा मंच से गोल्डी व अन्य।

22 तक होंगी नामांकन प्रक्रिया

चुनाव अधिकारी सुरेश पाल राठी ने बताया कि कर्मचारी 22 अक्टूबर दोपहर 12 बजे तक नॉमिनेशन भर सकते हैं। तदुपरान्त दोपहर 2 बजे तक नॉमिनेशन वापिस होंगे, चुनाव चिन्ह 4 बजे तक दिए जायेंगे। उन्होंने बताया आज पूरी नामांकन प्रक्रिया बेहद शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 28 अक्टूबर को होने वाला मतदान भी विश्वविद्यालय के नियमों के तहत पूरी तरह से लोकतांत्रिक, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया जाएगा।

चेक बाउंस के मामलों के निपटारे के लिए 21 नवंबर को लोक अदालत



रोहतक। जिला न्यायालय परिसर में 21 नवंबर को चेक बाउंस से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया के मार्गदर्शन में होने वाली लोक अदालत में आपसी सहमति से मामलों का निपटारा कर शीघ्र और सुलभ न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने संबंधित पक्षकारों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। वहीं, सुनारियां स्थित जिला जेल में आयोजित जेल लोक अदालत में सुनवाई के लिए दो मामले रखे गए, जिनमें एक बंदी को रिहा किया गया। सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि प्राधिकरण पात्र लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने और न्यायिक प्रक्रिया सरल बनाने के लिए प्रयासरत है।